(क) कड़ी स्थित नवज्योति कपड़ा मिल को कब तक पुन: चालू कर देने का विचार है और सरकार ने इस मिल को पुन: चालू करने के लिये क्या उपाय किये हैं और

(क) सरकार ने उक्त मिल कीमशीनों भवन और भूमि को बिक्री को रोकने के लिये क्या उपाय किये हैं ?

**वाणिज्य मंत्रालय में और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर)** : (क) गुजरात की बन्द/रुग्ण मिलों की समस्याओं का अध्ययन करने और उन एककों के जो सक्षम हो सकते हैं, पुनरुत्थान के लिये पुर्नवास पैकेज तैयार करने हेतु अधिकारियों के एक दल का गठन किया गया है। मैसर्स नवज्योति टैक्सटाइल्स के प्रबन्धकों से इस दल को पुनरुत्थान प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है।

(ख) फैक्टरियों का मुख्य नियंत्रक, गुजरात सरकार ने मिलों की सम्पति का निपटान करने में मिलों के प्रबन्धकों पर रोक लगाने हेतु दीवानी न्यायालय, कादी से स्थगन आदेश प्राप्त किया है।

**Code of conduct for Air India personnel posted abroad debarring employment of their sons and daughters in local offices of Air India abroad**

4790. SHRI DIGAMBER SINGH : Will the Ministry of TOURISM AND CIVIL AVIATION : be pleased to state : (a) whether following the practice obtaining on the side of Ministry of External Affairs barring the Officers posted in Indian Missions abroad from getting their sons/daughters who travel on State expense along-with them, from getting them locally employed in the Mission, his Ministry or Air-India has laid down any code of conduct for their officers in this behalf; and

(b) if so, details thereof and if not, the reasous therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN) (a) and (b) Information is being collected and will be laid on the Table on the Table of the Sabha.

**मानवचालित रोलर प्रिंटिंग मशीनों पर उत्पाद शुल्क की वसूली**

4791. **श्री वृद्धि चन्द्र जैन** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के किन-किन जिलों में डाइंग और प्रिंटिंग के लघु उद्योग मानव-चालित रोलर प्रिंटिंग मशीनों का उपयोग कर रहे हैं;

(ख) उपर्युक्त रोलर प्रिंटिंग मशीनों पर कितना उत्पाद शुल्क वसूल किया जाता है;

(ग) उपर्युक्त प्रिंटिंग मशीनों पर वसूल किए गये उत्पादन शुल्क से केन्द्रीय सरकार को जिला-वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ है;

(घ) क्या उत्पाद शुल्क लगाये जाने के कारण रोलर प्रिंटिंग मशीनों का उपयोग लगभग समाप्त हो गया है; और

(ङ) यदि हां, तो क्या छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए केन्द्रीय सरकार उपर्युक्त मानवचालित प्रिंटिंग मशीनों पर से उत्पादन शुल्क हटाने को तैयार है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. एम. कृष्णा)** : (क) जैसा कि प्रश्न में पूछा गया